>

Title: Need to provide approach roads from fields to villages in Maharashtra.

**श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगांव):** महोदय, आपने मुझे शून्य प्रहर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी के सामने पूरे देश के किसानों के लिए खेती अंतर्गत रास्ता सुकघर बनाने का प्रस्ताव रखता हूं। बजट सैशन के पहले महामहिम राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में कृषि विकास दर बढ़ाने की बात कही है। कृषि विकास दर बढ़ाने के लिए हमारी सरकार कोशिश करने वाली है और इस बजट सत्र में हमारे वित्त मंत्री, श्री प्रणवदा ने भी अपने बजटीय भाषण में कहा कि वह कृषि विकास दर बढ़ाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि भारत में फल और सब्जी के भंडारण, कोल्ड स्टोरेज और परिवहन की अवसंरचना की कमी के कारण उपरोक्त चीजों का चालीस प्रतिशत नुकसान होता है। इस तरह से चालीस प्रतिशत नुकसान का मतलब हर साल किसानों का लगभग पचास हजार करोड़ रुपये का नुकसान होता है। वित्त मंत्री जी हमें बतायें कि यदि आप विकास दर बढ़ाना चाहते हैं और यदि किसानों का इस तरह से चालीस प्रतिशत का नुकसान होगा तो हमारी कृषि विकास दर कैसे बढ़ेगी। इसलिए मैं माननीय वित्त मंत्री जी से विनती करता हूं कि यदि कृषि विकास दर को बढ़ाना है और अन्न सुरक्षा मिशन को यशस्वी करना है तो किसानों को बड़े पैमाने पर होने वाले नुकसान को रोकना बहुत जरूरी है। इसलिए हर बजट में भारत में किसानों के खेती के अंतर्गत जो रास्ते हैं, उन रास्तों के लिए हर बजट में दस हजार करोड़ रुपये का आबंटन किया जाए तथा इसके लिए एक स्वतंत्र योजना बनाई जाए। इसी आधार पर हमने अपने संसदीय क्षेत्र, जलगांव जिले के खेती अंतर्गत रास्तों का पूरा मास्टर प्लान, एक पायलट प्रोजैक्ट बनाकर महाराष्ट्र शासन की मंजूरी लेकर ग्राम विकास मंत्रालय में छः महीने पहले भेजा है।

मैं माननीय वित्त मंत्री जी से विनती करता हूं कि यह बहुत अच्छा प्रोजैक्ट है, इसलिए इस प्रोजैक्ट को आप स्वीकार करें। मैं आपको सुझाव देता हूं कि पूरे देश में किसानों के खेती के अंतर्गत रास्तों के लिए एक अच्छी स्कीम बनाई जाए।

इसके अलावा मैं आदरणीय मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं कि पूरे देश में वाड़ी जोड़ने वाला रास्ता, एक गांव जोड़ने वाला रास्ता और बड़े पैमाने पर हम लोग हाईवे भी बना रहे हैं, आज उनकी जरूरत भी है और उन्हें बनाना भी चाहिए। जिस तरह से हम लोग ये रास्ते बना रहे हैं, उसी तरह से हमारे देश के 68 परसैन्ट किसान, जो खेती पर आधारित हैं, उनके लिए खेती के अंतर्गत रास्ते बनाना बहुत जरूरी है। इसलिए मैं आपके माध्यम से एक अच्छा प्लान बनाने की सरकार से विनती करता हूं। आज खेती के अंतर्गत रास्ते बनाने के लिए कम से कम दस हजार करोड़ रुपये का प्रावधान करने की जरूरत भी है और यह माननीय अटल जी और उनकी सरकार ने उस समय मुख्य रास्ता जोड़ने वाली एक बहुत अच्छी पंत प्रधान ग्राम सड़क योजना शुरू की थी। इसी आधार पर जो ग्राम का रास्ता है, जो खेती के अंतर्गत रास्ता है, उनके लिए दिये गये प्रोजैक्ट को आप स्वीकार करें और पूरे देश में एक अच्छी योजना बनायें, यहीं मैं आपसे विनती करता हूं।